दैनिक जागरण 23/11/23

इतिहास विभाग के बच्चों ने किया कालेज का भ्रमण

शैक्षणिक भ्रमण के दौरान स्कूल के विद्यार्थी। • सौजन्य विज्ञप्ति

अंबाला : गांधी मेमोरियल (जीएमएन) कालेज इतिहास विभाग के अंतर्गत गांधी अध्ययन केंद्र में एयरफोर्स स्कूल अंबाला कैंट के विद्यार्थियों द्वारा भ्रमण किया गया। इस दौरे का उद्देश्य विद्यार्थियों में महात्मा गांधी के दर्शन, मूल्य और उद्देश्यों को भरना था। कार्यक्रम की शुरुआत में गांधी स्टडी सेंटर के इंचार्ज एवं अध्यक्ष इतिहास विभाग डा. धर्मवीर सैनी द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि गांधी ने अपने जीवन को अपने देश के लिए न्यौछावर कर दिया। उन्होंने जो कहा वही जीवन भर किया। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इतिहास विभाग व गांधी स्टडी सेंटर को बधाई दी। बखूबी विजिट से पूरा हो रहा है। डा. अनुपमा हांडा पीजीटी हिस्ट्री, एयरफोर्स स्कूल ने कहा कि इस दौरे से इतिहास विभाग के बच्चों की राष्ट्रीय आंदोलन में गांधी के योगदान को लेकर जानकारी बढ़ी है। (जासं)